(b) what are the guidelines/norms in this regard;

(c) what is the number of companies and parties that have come forward for import of LPG; and

(d) what machinery Government have evolved for administering control over prices of imported products?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) and (b) Under the Parallel Marketing System, private agencies have been allowed to import LPG, using/setting up their own facilities, LPG bottling plants and distribution network for sale of such imported LPG at market prices.

(c) More than 280 entrepreneurs/firms/companies including multinationals have shown interest in parallel marketing of LPG, including its import.

(d) The prices of product under Parallel Marketing System would be market determined and not controlled.

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के पटना स्थित कार्यालय को असम स्थानान्तरित किया जाना

2953. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी**: क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग का पटना स्थित कार्यालय असम स्थानान्तरित किया गया है अथवा स्थानान्तरित किये जाने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या सरकार को उक्त निर्णय के विरुद्ध पटना नगर में विभिन्न संगठनों द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन की जानकारी है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाये जाने का विचार है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

गैस सिलेंडरों तथा रेगुलेटरों की आपूर्ति का हिसाब किताब रखा जाना

2954. **श्री कामेश्वर पासवान**: क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल कंपनियां अपने वितरकों को दिये जाने वाले गैस सिलेंडरों तथा रेगुलेटरों और उसका पंजीकृत उपभोक्ताओं में वितरण का कोई हिसाब किताब रखती हैं;

(ख) यदि हां, तो इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा अपने सिवान, बिहार के वितरक, मैसर्स पार्वती गैस सर्विस को कितने गैस सिलेंडर दिये गये तथा उसके अधिकृत उपभोक्ताओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त वितरक मैसर्स पार्वती गैस सर्विस का भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि वह वर्षों से पंजीकृत करा कर प्रतीक्षारत उपभोक्ताओं को भी गैस नहीं देता है जिसका एक उदाहरण श्री शिवनाथ पाण्डे दीन दयाल नगर, सिवान है जिनका उपभोक्ता पंजीकरण सं० 010666, दिनांक 5 जुलाई, 1983 है; और

(घ) एल पी जी उपभोक्ताओं का एल पी जी वितरकों तथा कंपनियों के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले शोषण को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है और उनका किस तरह उपयोग हो रहा है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, हां।

(ख)

महीना	ग्राहकों की संख्या	सप्लाई किए गए रिफिल सिलेंडरों की संख्या
मई, 1993	4499	3888
जून, 1993	4518	3564
जुलाई, 1993	4522	4212

(ग) इंडियन आयल कारपोरेशन लि० के अनुसार मैसर्स पार्वती गैस सर्विस के यहां 1983 की स्थिति के अनुसार जो प्रतीक्षा सूची थी वह 84-85 में समाप्त हो गई। ऐसा लगता है कि गैस कनेक्शन लेने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा भेजे गए सूचना पत्र का श्री शिवनाथ पाण्डे ने उत्तर नहीं दिया।

(घ) कदाचार को रोकने के लिए विपणन अनुशासन दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करने हेतु तेल कंपनियों को प्राधिकृत किया गया है। तेल कंपनियों द्वारा "ग्राहक सेवा कक्ष" स्थापित किए गए हैं और इन कक्षों द्वारा प्राप्त शिकायतों की जांच की जाती है और यदि प्रमाणित हो जाता है तो संबंधित कंपनी द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

Import of Oil and Petroleum Products from UAE

2955. SHRI RAMENDRA KUMAR YADAV 'RAVI': Will the Minister of PET-